गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)

Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 1011 दिनांक : 25.05.2026

कार्यालय ज्ञाप

मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा वर्ष 2025–2026 के स्नातक स्तर तथा स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों– बी0सी0ए0, बी0बी0ए0, बी0बी0ए0 (हेल्थ केयर), बी0लिब0, एम0लिब0, बी0एस–सी0 (कृषि) आनर्स एवं एम0एस–सी0 (कृषि) के द्वितीय सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भरे जाने हेतु निम्नवत् तिथि पुनः विस्तारित की जाती है:–

1. कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन पुनः उपलब्ध होने की तिथि – 25.05.2026
2. छात्र / छात्राओं द्वारा कोर्स सेलेक्शन / परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि – 28.05.2026
3. छात्र / छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि – 29.05.2026
4. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि – 29.05.2026

कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की बेबसाईट **gjum.samarth.ac.in** एवं **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** पर उपलब्ध होंगे। समस्त अर्ह छात्र / छात्रायें सावधानीपूर्वक कोर्स सेलेक्शन कर परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक भरकर अपने महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। छात्र / छात्रायें निर्धारित परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग इत्यादि माध्यम से जमा कर सकेंगे।

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या यह सुनिश्चित कर लें कि उनके महाविद्यालय में जिन पाठ्यक्रमों / विषयों की मान्यता सत्र 2025–26 हेतु प्राप्त है, उन्हीं पाठ्यक्रमों / विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा बिना मान्यता / सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों / विषयों में परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाता है तो इसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी होंगे।

समस्त महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर उसकी हार्ड कापी अपने पास सुरक्षित रखना आवश्यक है जिसकी आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय की मॉग पर प्रस्तुत करना होगा।

छात्रहित में यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके पश्चात् तिथियाँ विस्तारित नहीं की जायेंगी।

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय–गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित / जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

25/5/26
परीक्षा नियंत्रक